वायब्रेंट गुजरात समिट में यूपी के निवेशक होंगे शामिल

गोमतीनगर स्थित एक होटल में शुक्रवार को आयोजित वायब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट में बोलते औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना। -संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। वायब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट में यूपी निवेशकों को आकर्षित करने के लिए शुक्रवार राजधानी में गुजरात के वित्त मंत्री कनुभाई देसाई ने बैठक की। एक होटल में हुई इस बैठक में देसाई ने निवेशकों के साथ बातचीत की और उन्हें गुजरात सरकार की नीति की जानकारी दी। गुजरात की राजधानी गांधीनगर में 10 से 12 जनवरी तक यह समिट होगी। बैठक में धोलेरा में बन रहे स्पेशल इंवेस्टमेंट रीजन में निवेश के लिए यूपी के निवेशकों ने रुचि दिखाई है।

देसाई ने बताया कि निवेशकों को

गुजरात के वित्त मंत्री ने निवेशकों से की बातचीत

आकर्षित करने के लिए गुजरात के धोलेरा में स्पेशल इंवेस्टमेंट रीजन बनाया जा रहा है। इसमें निवेशकों को सभी तरह की सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने बताया कि कच्छ में विश्व का सबसे बड़ा हाइब्रिड सोलर और पवन ऊर्जा रिन्यूबल एनर्जी पार्क बनाया जाएगा। सीआईआई यूपी के सीपी गुप्ता ने कहा कि धोलेरा में निवेश के लिए जल्द ही गुजरात के साथ एमओयू साइन किया जाएगा। इस दौरान यूपी के औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना भी मौजूद थे।